हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 3 मार्च, 2020/13 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 63

14वां वित्तायोग

***2443 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला बिलासपुर को 14वें वित्तायोग से 31 जनवरी, 2020 तक कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

राजकीय महाविद्यालय बड़ोह

***2444 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चंगर क्षेत्र में स्थित राजकीय महाविद्यालय बड़ोह को स्थाई संबद्धता प्रदान किए जाने बारे सरकार क्या पग उठा रही है तथा कब तक इस महाविद्यालय को स्थाई संबद्धता प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें; और

(ख) राजकीय महाविद्यालय बड़ोह में कितने शिक्षकों व गैर-शिक्षकों के पद सृजित हैं; इनमें से कितने पद रिक्त हैं तथा रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे?

Misuse of Funds

***2445 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 31.01.2020, how many complaints of misuse of funds have been received against the Pradhans and other officers/officials in Shillai Block; details of enquiry report and the action taken, if any, be given?

सड़क निर्माण

***2446 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत सड़क निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई और कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया;

(ख) पी0एम0जी0एस0वाई0, नाबार्ड, स्टेट हैड व अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत किन सड़कों को पक्का किया गया व कौन सी शेष हैं; ब्यौरा सड़कों के नाम सहित दें; और

(ग) नाबार्ड के अन्तर्गत कितनी ऐसी योजनाएं है जो धनराशि न होने के कारण अधूरी हैं; इन योजनाओं को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

वनों की सुरक्षा

***2447 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक वन विभाग मंडल नालागढ़ के अन्तर्गत जंगलों की सुरक्षा के लिए क्या-क्या पग उठाए गए; इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था व कितना व्यय किया गया; और

(ख) इस अवधि में प्रदेश में कितने पौधे किस मंडल में लगाए गए और इनकी उत्तरजीविता दर क्या है; ब्यौरा दें?

एन0एच0पी0सी0 परियोजना

***2448 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) एन0एच0पी0सी0 चरण-II और चरण-III परियोजना से सैंज घाटी व जिला कुल्लू के कितने परिवार विस्थापित हुए;

(ख) इनमें से कितने परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया तथा कितने शेष हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) गत 3 वर्षों में इन परियोजनाओं से प्राप्त एक प्रतिशत धनराशि कितनी है तथा कितनी धनराशि प्रभावित क्षेत्र में किस दर से आवंटित की गई; ब्यौरा दें?

मोटर व्हीकल एक्ट

***2449 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नया मोटर व्हीकल एक्ट प्रदेश में लागू हो गया है; यदि हां, तो कब से लागू किया गया है?

Off Season Vegetables

***2450 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) what is the number of families cultivating off season vegetables in the State; what is the trend in the last 3 years; and

(b) does the Government propose to build CA Stores to help the vegetable farmers at the time of slump in the market?

प्राइवेट वोल्वो बसें

***2451 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिल्ली से प्राइवेट वोल्वो बसें काँट्रेक्ट कैरियर के तौर पर मनाली धर्मशाला व अन्य पर्यटक स्थलों को चल रही हैं; ब्यौरा बस मालिक/कम्पनी के नाम सहित दें;

(ख) यह बसें किन नियमों के अन्तर्गत चल रही हैं और क्या इनके द्वारा टैक्स अदा किया जा रहा है; और

(ग) क्या यह स्टेट कैरियर की तरह चल सकती हैं?

पदपूर्ति

***2452 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

जल परिवहन

***2453 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पौंग बांध जलाशय में जल परिवहन शुरू करने का विचार रखती है?

मेंहदली सब्जी मण्डी

***2454 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मेंहदली में सब्जी मण्डी के लिए कितनी भूमि चयनित हुई है; कितनी अधिगृहित की गई तथा कितना मुआवजा दिया गया है और इसका कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा?

कॉन्ट्रैक्ट अवधि से वरिष्ठता

***2455 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार कॉन्ट्रेक्चुअल कर्मचारियों को कॉन्ट्रैक्ट अवधि से वरिष्ठता लाभ देने का विचार रखती है; यदि हां तो कब तक, यदि नहीं तो कारण?

भेड़पालकों की सुरक्षा

***2456 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में भेड़पालकों की सुरक्षा के लिए सरकार क्रियाशील नीति बनाने का विचार रखती है?

MLA Priority Schemes

***2457 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last 2 years upto 31st January, 2020 how many roads and bridges have been constructed under MLA priority schemes in Kullu Vidhan Sabha Assembly Constituency?

कला अध्यापकों के रिक्त पद

***2458 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकारी पाठशालाओं में कला अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

यूथ हॉस्टल कल्पा

***2459 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31-01-2020 तक यूथ हॉस्टल कल्पा के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी, कितनी व्यय की गई तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

बच्चों की घटती संख्या

***2460 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में सरकारी पाठशालाओं में बच्चों की घटती संख्या के दृष्टिगत सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) सरकार बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को बढाने हेतु कोई योजना बनाने का विचार रखती है?

पुल निर्माण

***2461 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घन्यारा के गांव करला में लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया था तथा इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

मुख्य मंत्री लोक भवन

***2462 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में कितने मुख्य मन्त्री लोक भवन स्वीकृत हुए हैं और इन भवनों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

Service Benefits

***2463 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether the Government intends to extend the service benefits to the Volunteer Lecturers at par with the other categories such as adhoc Lecturers and contract appointees after completion of 3 years of service?

Backward Area Sub Plan

***2464 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned to Rampur Assembely Constituency under Backward Area Sub Plan on the recommendations of MLA; and

(b) how much funds have been sanctioned under DCP to Rampur on the recommendations of MLA?

मरम्मत/जीर्णोद्धार

***2465 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कृषि विभाग द्वारा सिंचाई हेतु कितनी कुहलें, कुंए, बोरवेल व तालाब बनाए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) विभाग ने क्या केन्द्र सरकार के लक्ष्य के अनुरूप किसानों की आय को दोगुना करने के मद्देनज़र बंद पड़ी कुहलों, कुंओ, बोरवेल व तालाबों की मरम्मत व जीर्णोद्धार हेतु कोई योजना बनाई है; तो ब्यौरा दें?

पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन

***2466 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन डिवीजन चम्बा में कितने कर्मचारी आउटसोर्स पर रखे गए हैं व कौन सी कंपनी के माध्यम से रखे गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन कर्मचारियों का मासिक वेतन कितना है तथा अदायगी कब की जाती है; इनका EPF व बीमा प्रीमियम जमा करवाया जाता है; ब्यौरा पदवार दें?

ऊहल तृतीय चरण चुल्ला प्रोजैक्ट

***2467 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) निर्माणाधीन ऊहल तृतीय चरण चुल्ला प्रोजैक्ट का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा कब उत्पादन शुरू होगा; ब्यौरा दें ; और

(ख) क्या इस परियोजना के पूरा होने के बाद सरकार लडभड़ोल/च्लाहनु के लिए विशेष लाइन 33के०वी० स्टेशन बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Restoration Work

***2468 Sh. Jeet Ram Katwal (Jhanduta):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned and spent for the restoration of land slides/sinking village houses under soil conservation; and

(b) whether the Agriculture Department Officers had visited the places of such calamities in Jhandutta Assembely Constituency; if yes, details of visitwise diaries/reports alongwith remedial action taken be given?

इन्डोर स्टेडियम

***2469 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अम्ब में इन्डोर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Reorganisation of Offices

***2470 Sh. Vinay Kumar (Sri Renukaji):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that after delimitation, Renuka Assembly Constituency has been divided into 3 administrative sub-divisions; if so, will the Government consider reorganization of all the offices of Renuka Assembly Constituency at one place?

ओ0बी0सी0 आरक्षण

***2471 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है की हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला बी0एड़0 कोर्स में ओ0बी0सी0 को आरक्षण दे रही है; यदि हां, तो क्या शेष कोर्सों (जैसे बी0एस0सी0, एम0एस0सी0, एम0फिल0, पी0एच0डी0 इत्यादि) में भी आरक्षण देने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

सड़कों की स्थिति

***2472 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अवाहदेवी माता मन्दिर को जोड़ने वाली सड़कें खस्ता हाल में है; यदि हां, तो इन्हें ठीक करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Kiari Khinna Road

***2473 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the latest position of construction of Kiari Khinna Road and by when it will be completed?

बिजली के खम्बे

***2474 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे कितने बिजली के खम्बे हैं जो गल-सड़ चुके हैं; और

(ख) सरकार इन्हें कब तक बदलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***2475 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कितने पद रिक्त हैं तथा इन रिक्त पदों को भरने के लिये सरकार क्या पग उठा रही हैं?

Fish Farm

***2476 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) what is latest position of construction of Fish Farm at Naggar on Dargi-Sainj Khad;

(b) how much expenditure has been incurred so far on this project and by when it will be completed?

पर्यटन को बढ़ावा

***2477 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीखण्ड महादेव को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने के लिए सिंघाड़ से श्रीखण्ड महादेव तक पैदल चलने योग्य रास्ते के निर्माण का विचार रखती है; और

(ख) यदि हाँ, तो कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

अवैध कब्जा

***2478 श्री राजेश ठाकुर(गगरेट) :**
श्रीमती रीता देवी(इन्दौरा) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ठाकुर राम गोपाल मंदिर डमटाल की जमीन पर कई वर्षों से कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है; और

(ख) यदि हां, तो अवैध कब्जाधारियों की कुल कितनी संख्या है और क्या सरकार अवैध कब्जों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक और इसकी क्या प्रकिया रहेगी?

पदपूर्ति

***2479 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) कार्यालय सरांह में कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं और रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

लाइफ जैकेट

***2480 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि मछुआरों को सुरक्षा की दृष्टि से लाइफ जैकेट वितरित की गईं; यदि हां, तो कितने मछुआरों को कहां-कहां लाइफ जैकेट वितरित की गईं; ब्यौरा जिलावार दें?

Vacancy Position

***2481 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how many posts of Lecturers, TGTs and C&V category are lying vacant in various Senior Secondary, High and Middle Schools of Shillai Assembly Constituency; by when these posts will be filled up?

कार्यालयों की स्थापना

***2482 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बी0डी0ओ0, एस0डी0एम0, लोक निर्माण मंडल, कृषि व उद्यान विभाग के कार्यालय न होने के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो कब तक इन कार्यालयों की स्थापना की जाएगी?

निजी स्कूलों की मनमानी

***2483 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड व सी0बी0एस0ई0 से एफिलिएटिड निजी पाठशालाओं में हर साल बढ़ रही फीस पर नियंत्रण करने के लिए सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) यह सत्य है कि प्रदेश में सी0बी0एस0ई0 से एफिलिएटिड पाठशालाओं में सरकारी पाठशालाओं की तर्ज़ पर छुट्टियां नहीं होती हैं; यदि हां, तो क्या सरकार इन पाठशालाओं में सरकारी पाठशालाओं की तर्ज़ पर छुट्टियां प्रदान करेगी?

गड़सा भेड़ फॉर्म

***2484 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भेड़ फॉर्म गड़सा के नाम कितनी भूमि हस्तांतरित की गई है तथा कितनी भूमि राजस्व विभाग के नाम पर है; और

(ख) इस फॉर्म में क्या-क्या गतिविधियां चलाई जा रही हैं?

National Population Register

***2485 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what steps has the Government taken in relation to the questionnaire for NPR and building detention camps for those who fail to qualify for Indian citizenship; and

(b) has the Government identified the places for detention camps to be constructed, what is the estimated expenditure to build a detention camp and does the Government has made provision of funds for the same?

शराब माफिया

***2486 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या ऊना जिला में शराब माफिया द्वारा फर्जीवाड़े का प्रकरण सामने आया है; यदि हां, तो इस धोखाधड़ी का क्या आकार है; इसमें कोई मामला दर्ज हुआ है और गिरफ्तारियां हुई हैं; ब्यौरा दें?

नेरवा बस डिपो

***2487 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नेरवा बस डिपो कार्यशील है या यह शिमला डिपो के अन्तर्गत चलता है;

(ख) नेरवा बस डिपो में क्षेत्रीय प्रबन्धक का पद कब से रिक्त है तथा कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) इस डिपो के अन्तर्गत जो बसें आती हैं क्या उनमें नेरवा डिपो का नाम लिखा गया है; ब्यौरा दें?

विद्युत आपूर्ति

***2488 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगरोटा सूरियाँ उप-मण्डल में विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होने के क्या कारण हैं और विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के लिए सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) इस उप-मण्डल में कितने पद रिक्त हैं व इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

पाठशालाओं में वार्षिकोत्सव

***2489 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2018 से दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकारी पाठशालाओं में कितने वार्षिकोत्सव व अन्य सरकारी समारोह आयोजित हुए तथा इन समारोहों में कौन-कौन मुख्यातिथि थे; ब्यौरा पाठशालावार दें?

नियुक्ति पत्र

***2490 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सहायक जिला अधिवक्ता पद पर चयनित पूर्व सैनिक आश्रित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किए गए हैं; यदि हां, तो कब तक नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे?

बरसात से नुकसान

***2491 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक जिला चंबा में हुई बरसात से हुए नुकसान की भरपाई हेतु विभिन्न विभागों में कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; धनराशि का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार व मंडलवार दें?

डबल लेन

***2492 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भुन्तर (सब्जी मंडी)-मणिकर्ण राष्ट्रीय उच्च मार्ग को डबल लेन करने का विचार रखती है?

अवैध सीमेंट विक्रय

***2493 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर मंडल-2 के अंतर्गत अवैध रूप से सरकारी सीमेंट विक्रय किया जा रहा है; यदि हां, तो सरकार दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई कर रही है; ब्यौरा दें?

शौंगटौंग कड़च्छम विद्युत परियोजना

***2494 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों से दिनांक 31-01-2020 तक H.P.P.C.L. की शौंगटौंग कड़च्छम विद्युत परियोजना द्वारा L.A.D.F की कितनी धनराशि

देय है और क्या यह धनराशि जमा नहीं करवाई गई है; यदि हां, तो कब तक जमा करवा दी जायेगी; ब्यौरा दें?

नाबार्ड के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएं

***2495 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक नाबार्ड के अन्तर्गत बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं; कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 लंबित हैं तथा कब तक स्वीकृत हो जाएंगी?

स्थानान्तरण नीति

***2496 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मत्स्य पालन विभाग मे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो के स्थानान्तरण हेतु कोई नीति बनाई गई है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या निदेशक एवं प्रारक्षी, मत्स्य पालन विभाग द्वारा जनवरी माह में जिला मण्डी से जिला बिलासपुर के लिए स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए हैं; यदि हां, तो यह आदेश किस आधार पर किए गए हैं?

पदों के स्वीकृत नियम

***2497 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हि0 प्र0 राज्य विद्युत बोर्ड सीमित द्वारा अभियन्ताओं एवं तकनीकी स्टाफ़ के पदों की स्वीकृति के क्या नियम है तथा कब बनाए गए है; और

(ख) वर्तमान में तकनीकी इन्फ्रास्ट्रक्चर (सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर, विद्युत लाइन आदि) में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है; ब्यौरा दें?

Government Senior Secondary School Tal

***2498 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the builiding of Government Senior Secondary School Tal in Hamirpur Constituency is unsafe;

(b) if yes, by when the same will be dismantled; and

(c) does the Goverment intends to construct the new building at the same place?

Construction of Roads

***2499 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last year upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned for the construction of Tikkar-Khaneri Road (Nankhari) and Dhamdol-Kashapat Road (Rampur); by when it will be completed?

बन्द प्राथमिक पाठशालाएं

***2500 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा कितनी प्राथमिक पाठशालाएं बन्द की गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) बन्द की गई पाठशालाओं के भवनों को किस प्रकार उपयोग में लाया जा रहा है?

विज्ञान प्रयोगशालाएं

***2501 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी विज्ञान प्रयोगशालाएं कहां-कहां

स्वीकृत की गईं, ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें; इनमें से कितनी प्रयोगशालाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कितनी का शेष है तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

हेलीपैड

***2502 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने हेलीपैड हैं; कितने और बनाए जाने प्रस्तावित हैं और चरनीधार हेलीपैड के निर्माण पर कितनी धनराशि किस मद से व्यय की गई?

भवन का सदुपयोग

***2503 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जाहू में फल, सब्जी एवं अनाज उप-मण्डी के भवन का सदुपयोग करने का विचार रखती है?

Water Sports

***2504 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how much funds have been sanctioned for the Water Sports Project on Satluj River at Tattapani;

(b) by when this project will be started; and

(c) is there any provision for providing employment to the locals?

एम्बुलेंस रोड

***2505 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़ से डी0ए0वी0 स्कूल राजगढ़ कलोनी तक एम्बुलेंस रोड बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; नहीं, तो कारण?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 15 फरवरी, 2020 . **सचिव।**